# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या जनवरी, 2021**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2021** **दिनांक – 01फरवरी, 2021**

**दिनांक 02.01.2021 को समय रात्रि लगभग 12:30 बजे तहसील बडकोट अन्तर्गत श्री उपेन्द्र** सिंह पुत्र श्री ध्यान सिंह, ग्राम कफनौल पट्टी मुगरसन्ती के गौशाला मे अचनाक आग लगने के कारण गौशाला पूर्ण रुप से जलकर नष्ट हुई। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल पशुपालन विभाग/पुलिस/राजस्व टीम को घटना की सूचना से अवगत कराते हुये त्वरित गति से प्रतिवादन का कार्य सम्पन्न करवाया गया। उक्त गौशाला मे 01 भैंस, 01 गाय, 02 बछड़े, 01 घोड़ा, 01 बकारी आग से झुलसने से कुल 08 बडे/छोटे पशुओ की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। उक्त रहात कार्य में जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा समस्त सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया।





**दिनांक 05.01.2021 को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू के पास भूस्खलन होने के कारण मार्ग** अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु किया गया।





**दिनांक 06.01.2021 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पालीगाड एंव कुथनौर के बीच मलवा आने** के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारु करवाया गया।





**दिनांक 06.01.2021 की रात्रि 11:00 बजे में तहसील मोरी अन्तर्गत ग्राम हड़वाडी में भूस्खनल होने की** सूचना प्राप्त हुयी। भूस्खलन की सूचना प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धितों को सूचित रात्रि 11:00 बजे घटना स्थल के लिये राजस्व/एस0डी0आर0एफ0 की टीम रवाना की गयी। तहसीलदार मोरी द्वारा सैटेलाईट फोन के माध्यम से अवगत कराया गया कि ग्राम हडवाडी के पीछे पहाड़ी से लगभग 700–800 मीटर भाग में भू–स्खलन/चट्टान गिरने से ग्राम में 02 आवासीय भवन पूर्ण, तथा 03 आवासीय भवन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुये। उक्त घटना मे 01 महिला को सामान्य घायल हुयी, जिसका प्राथमिक उपचार किया गया। ग्राम के 04 परिवारों को प्राथमिक स्कूल में सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार शिफ्ट किया गया। उक्त घटना में पुश–जनहानि नहीं हुयी। उक्त ग्राम सभा में कुल 78 परिवार निवास है, भूस्खलन भाग का शीघ्र उपचार किये जाने के सम्बन्ध में सर्वेक्षण टीम को अवगत कराया गया।

**दिनांक 09.1.2021 को समय प्रातः 11:27 बजे जनपद उत्तरकाशी के तहसील भटवाडी एवं डुण्डा आदि क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प झटके महसूस** किये गये। तहसील चिन्यालीसौड़/बडकोट/पुरोला एवं मोरी क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प के झटके महसूस नहीं किये गाये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। । इसके अतिरिक्त ग्राम गोरसाली/भटवाडी/मनेरी/सैंज आदि गॉव के ग्राम प्रधानों से दूरभाष से सम्पर्क किया गया। ग्राम प्रधानों द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि उक्त ग्रामों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति नहीं हुयी है। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना

प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–**

- भूकम्प का परिमाण – 3.3 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश / Latitude – 30.79° N
- देशान्तर / Longitude – 78.58° E
- समय– 11:27:30 AM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 10 कि0मी0 नीचे थी।
- भूकम्प का केन्द्र – तहसील भटवाडी अन्तर्गत ग्राम गोरसाली–दयारा के जंगल में ।




**दिनांक 12.01.2021 को शीतलहर / ठण्ड बढ़ने के दृष्टिगत** आम जनमानस की सुविधा हेतु जनपद के विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त मात्रा मे अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी।









**दिनांक 19/01/2021 को पुलिस उपमहानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा** उत्तराखंड देहरादून व पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के आदेशानुसार अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में फायर स्टेशन उत्तरकाशी के कर्मचारियों द्वारा जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में मॉक ड्रिल कराई गई तथा जिला चिकित्सालय के कर्मचारीयों को अग्नि सुरक्षा के उपाय के बारे में जानकारी दी गई ।










**दिनांक 26.01.2021 को कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के दृष्टिगत 72वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जनपद में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये** गणंत्रण दिवस मनाया गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी द्वारा गणंत्रण दिवस के अवसर पर जनपद अन्तर्गत कोविड–19 में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पुलिस लाईन, ज्ञानसू मे जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तरकाशी द्वारा त्वरित कार्यवाही वाहन को झांकी के रुप में तैयार कर आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी उपकरणों एवं कर्मियों सहित परेड में प्रतिभाग किया गया।












<u>दिनांक 26.01.2021 को सांय 25:30 बजे तहसील भटवाडी अन्तर्गत उत्तरकाशी लम्बगांव मोटर</u> मार्ग स्थान थलन के पास एक कार वाहन दुर्घटनाग्रास्त हुयी जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी एंव सम्बन्धितों से समन्वय स्थापित किया गया। वाहन में कुल 06 व्यक्ति सवार थें। घटना में एक व्यक्ति गम्भीर घायल हुआ। जिसे 108 के माध्यम से जिला चिकित्यालय लाया गया। 05 व्यक्ति सामान्य घायल हुए। गम्भीर घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।





**<u>दिनांक 28.01.2021 को लगभग 10:00 बजे रात्री को तहसील बडकोट के अन्तर्गत ग्राम</u>** स्यालब में अग्नीकांण्ड की घटना घटित हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा तत्काल पशुपालन विभाग/पुलिस/राजस्व टीम को घटना की सूचना से अवगत कराते हुये त्वरित गति से प्रतिवादन का कार्य सम्पन्न करवाया गया। उक्त अग्नीकांण्ड के कारण श्री नेत्र सिंह पुत्र श्री बेलसिंह निवासी ग्राम स्यालब, पट्टी ठकराल की गौशाला में आग लगने के कारण गौशाला सहित उसमें बंधे हुये 02 बैल, 01 भैस, तथा 01 कटड़ा कुल 04 पशुओं की जलकर मृत्यु हुयी।





**<u>दिनांक 30.01..2021 को समय लगभग अपराह्न 2:00 बजे तहसील पुरोला के अन्तर्गत ग्राम</u>** अगोडा के पास एक मारूती 800 कार वाहन संख्या–एच0पी010.ए0 5650 अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर खाई में गिरकर दूर्घटनाग्रस्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा एम्बुलेंस/पुलिस/राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी गयी तथा त्वरित गति से खोज–बचाव कार्य सम्पन्न करवाया गया। उक्त वाहन में चालक ही सवार था जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हुयी।

**जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित पी0आर0डी0 स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में** जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा **<u>दिनांक 30/01/2021 को</u>** आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी खोज–बचाव सम्बन्धी जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त पी0आर0डी0 जवानों को हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुम्भ दृष्टिगत भीड़–नियत्रण सम्बन्धी जानकारी भी प्रदान की गयी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तरकाशी के मास्टर ट्रेनर, खोज एवं बचाव तथा क्यू.आर. टी .टीम के सहयोग से दिया गया।









**कोविड–19 वारयस के संक्रमण के रोकथाम के दृष्टिगत स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार एवं** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देशानुसार जनपद अन्तर्गत कोरोना वायरस के प्रति आमजनमानस के व्यवहार परिवर्तन किये जाने हेतु लोगों को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने, मास्क का अनिवार्यतः प्रयोग करने आदि कोरोना सम्बन्धी बचाव/सावधानियों का प्रचार–प्रसार के संबंध में जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तरकाशी के द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम, सार्वजनिक स्थानों पर वॉल पेंटिंग, सम्बन्धित विभागों को धनराशि निर्गत की गई, शिक्षा विभाग के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में वॉल पेंटिंग द्वारा प्रचार प्रसार किया गया ।

इसके अतिरिक्त जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु डिजिटल रथ के माध्यम से भी एक माह तक प्रचार–प्रचार कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तरकाशी के द्वारा **स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार एवं** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धितो से अवशयक समन्वय किया गया।


















**प्रतिलिपिः—** निम्नाकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।